अमांत माघ कृष्ण १४ चतुर्दशी बुधवारके दिन इष्ट ११।३०।१८ से वर्षप्रवेश हुआ, इससे समीपकी पंक्ति (अवधि) पंचांगमें उसी दिन इष्ट २२।१की है । यह वर्षप्रवेश समयसे आगेकी है, इसलिये सूत्रके अनुसार अवधिके वारादिक ४।२२।१मेंसे वर्षप्रवेशके इष्ट वारादिक ४।११।३०घटाये शेष०।१०।३१बचे यह दिनादिक ऋण चालक हुआ—इस दिनादिक चालक०।१०।३१ को सूर्यकी गति

	६०	१९
६०।१९ से गोमूत्रिका लिखके गुणन किया तो ये अंक आये		
नम्बर १—		० नं०-४
इनमें नम्बर ६के अंकमें६०साठका भाग देनेपर लब्ध९ आये२-६००		१९-०-५
उनको नंबर पांचके अंकोंमें युक्त करके नम्बर पांचके३—१८६०		५८९-६

अंकोंको नम्बर ३ तीनके अंकमें और नंबर ४ चारके अंकोंको नम्बर २ दो के

६०	१९
१—नम्बर०	
२—६०	
३—२०५९	

अंकोंमें मिलाये तो इस प्रकार हुए, फिर नम्बर३तीनके अंकमें ६० साठका भाग दिया लब्ध ३४ आये, इनको नंबर दोके अंकोंमें मिलाये तो ९४ हुए इनमें साठका भाग दिया लब्ध १० कला आयी, शेष ३४ विकला रही, फिर कला १०में ६०साठ का भाग दिया लब्ध०अंश आया, ऐसे साठका भाग देनेसे अंशादिक ० । १० । ३४ फल आये । इनको अवधिमें स्थित सूर्य १० । १७ । ४ । ७ में ऋण किये १० । १६ । ५३ । ३३ शेष बचे यह स्पष्ट सूर्य हुआ । इसी प्रकार शेष

सर्व ग्रह किये परन्तु राहु वक्रगति है इस कारण राहुकी गति३। ११ से चालक ०। १०। ३१ को उक्त रीतिसे गुणन करके ६० साठका भाग देके आये हुए ०। ०। ३४ अंशादिक फलोंकी अवधिमें स्थित राहु ७। २३। ४०। ४०। में विपरीत संस्कार किया अर्थात् चालक ऋण है, इस कारण धन किया ७। २३। ४१। १४। राहु स्पष्ट हुआ।

स्पष्ट चंद्र साधन।

वर्षप्रवेशके दिन धनिष्ठा घट्यादिक ३७। ५६ है, वर्षप्रवेश धनिष्ठा नक्षत्रमें हुआ है अतएव धनिष्ठा इष्ट नक्षत्र और श्रवण गतनक्षत्र हुआ। गतनक्षत्र श्रवणकी घटी ४१ पल ५१ को सूत्र ४ के अनुसार ६० साठ घटीमेंसे हीन किया १८। ९ शेष बचे, इनको दो जगे लिखे १८। ९ एक जगे इष्टघटी ११।३० युक्त की २९। ३९ भयात हुआ, दूसरी जगे इष्ट नक्षत्र धनिष्ठाकी घटी ३७पल५६मिलायी तो ५६। ५ भभोग हुआ। भयातको ६० साठ गुणा करके

१८ ९	११ इष्ट. ३० घटी.	२९ भया- ३९ त.
१८ ९	३७ इष्टनक्षत्र. ५६ घटी.	५६ भभो- ५ ग.

भभोगका भाग देना है, परंतु भयात भभोग दोनों घट्यादिक हैं, अतः प्रथम इनको सवर्णित किये, भयात १७७९ भभोग ३३६५ हुए, तदनंतर भयात १७७९ को साठगुणा किया १०६७४० हुए। इनमें भभोग ३३६५ का भाग दिया लब्ध ३१ घटी आयी शेष २४२५ बचे, इनको साठ गुणे किये १४५५०० हुए, भभोग३३६५का भाग दिया, लब्ध ४३ पल हुए,शेष ८०५ बचे उनको ६० गुणे किये तो ४८३०० हुए इनमें फिर ३३६५ का भाग दिया लब्ध १४ विपल आयी। ऐसे घट्यादिक ३१। ४३। १४स्पष्ट भयात हुआ। तदनंतर अश्विनीसे गत नक्षत्र श्रवण पर्यंत गिननेसे२२संख्या आयी यह गत नक्षत्रकी संख्या हुई,इसको ६० साठगुणी की तो १३२० हुई, इसमें स्पष्ट भयात ३१। ४३। १४ युक्त किया १३५१। ४३। १४ हुए। इनको २ द्विगुण किये २७०३। २६। २८ हुए, इनमें ९ नवका भाग दिया लब्ध ३०० अंश आये, शेष ३ बचे, इनको ६० गुणे किये १८० हुए इनमें नीचेके पलके अंक २६ मिलाये २०६ हुए इनमें नवका भाग दिया लब्ध २२ कला आयीं शेष ८ बचे इनको ६० साठगुणे किये तो ४८० हुए, विपलके अंक २८

मिलाये तो ५०८ हुए, फिर ९ का भाग दिया ५६ विकला हुई, शेष ९काभाग देकर उक्त रीतिसे अंशादिक फल ३ लाये ३०० । २२ । ५६ यह अंशादिक स्पष्ट चन्द्र हुआ । अंशमें ३० तीसका भाग दिया लब्ध १० राशि शेष अंश० बचे, इस प्रकार स्पष्टचन्द्र १० । ० । २२ । ५६ राश्यादिक हुए ।

गतिसाधन ।

आठसौ ८००।० में भभोग ५६।५ का भाग दिया परन्तु दोनों घट्यादिक हैं इस लिये दोनोंको प्रथम सवर्णित किये भाज्य४८००भाजक ३३६५हुए, भाज्यमें भाजकका भाग दिया लब्ध अंशादिक १४।१५।५२ चन्द्रकी स्पष्टगति हुई अंश १४ को ६० साठगुणे करके १५ मिलानेसे ८५५।५२ कलादिक गति हुई ।

मुंथासाधन ।

जन्मलग्न ९ । २३ । २८ । २९ की राशि ९ के अंकमें गताब्द संख्या २८ युक्त किये तो ३७ । २३ । २८ । २९ हुए, फिर १२बारहका भाग दिया शेष १ । २३ । २८ । २९ मुन्था हुई, गति ५ । ० ॥

अथ स्पष्टाः ग्रहाः तजन्वा।ं।									
सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	मु.
१०	१०	१०	११	७	११	८	७	१	१
१६	०	७	१	१८	२५	९	२३	२३	२३
५३	२२	३१	३५	५६	२	५४	४१	४१	२८
३९	५६	३६	८	५५	४८	५९	१३	१३	२९
६०	८५५	४८	७५	५	७१	४	३×	३×	५
१९	५२	५०	३२	३२	३२	९	११	११	०

नागार्क्षागोऽङ्कदस्रास्त्रिदन्ताःक्रमोत्क्रमा मेषादीनां लंकोदयपलानि ॥१२॥

नाग ८ ऋक्ष २७ लिखनेसे २७८ हुए फिर गो ९ अंक९दस्र २ लिखनेसे २९९ हुए, पुनः 'त्रि' तीन ३, दन्त ३२ मिलाकर ३२३ हुए। इसप्रकार क्रम और उत्क्रम (उलटे) करनेसे मेषादिक राशियोंके लंकोदय पल जानना ॥१२॥

स्वचरार्द्धेन युताः स्वदेशोदयाः ॥ १३ ॥

अपने गामके चरखंडा उक्त लंकोदय पलमें क्रमसे हीन और युक्त करनेसे स्वदेशोदय (अपने गामका उदय) होता है, जैसे रतलामके चरखंडा ५१ । ४१ । १७ हैं इनको लंकोदयपलमें क्रमसे प्रथम हीन किये, फिर युक्त किये तो नीचे कोष्ठकमें लिखे हुए स्वदेशोदय हुए । ऐसेही प्रत्येक अभीष्ट गामके स्वदेशोदय जानना चाहिये ॥ १३ ॥

लंकोदया.			चरखंडा		स्वदेशोदया.
मे.	२७८	मी.	५१		२२७
वृ.	२९९	कुं.	४१	हीन	२५८
मि.	३२३	म.	१७		३०६
क.	३२३	ध.	१७	युक्त	३४०
सिं.	२९९	वृ.	४१		३४०
क.	२७८	तु.	५१		३२९

उदयास्त्रिंशदुद्धृता मेषादीनां पलाद्या गतयः ॥ १४ ॥

उदयों (लंकोदय और स्वदेशोदय) की संख्यामें तीस ३० का भाग देनेपर जो आवे वह मेषादिक राशियोंकी पलादिक गति होती है, अर्थात् स्वदेशोदयकी संख्यामें ३० तीसका भाग देनेसे स्वदेशके लग्नोंकी पलादिक गति, एवं लंकोदयकी संख्यामें ३० तीसका भाग देनेसे लंकाके उदयोंकी पलादिक गति होती है ॥ १४ ॥

उदाहरण ।

मेष राशिके स्वदेशोदय २२७ में ३० तीसका भाग दिया लब्ध ७, शेष १७ बचे, इनको ६० साठगुणे किये १०२० हुए फिर ३० का भाग दिया, लब्ध ३४ हुए यह मेष राशिके स्वदेशोदयकी पलादिक गति ७ । ३४ हुई । ऐसे ही बारह राशियोंमें जानना चाहिये ॥

शके वेदवेदाब्ध्यूनेऽयनांशकलाः ॥ १५ ॥

शकमेंसे ४४४ चारसौ चौवालिस हीन करने पर जो शेष बचे वह अयनांशकला होती हैं (कलाके ६० साठका भाग देनालब्धअंश शेष कला समझना) १५

१ गणेशदैवज्ञः–"मेषादिगे सायनभागसूर्ये दिनार्द्धजा भा पलभाभवेत्सा । त्रिष्ठा हताःस्युर्दशभिर्भुजंगैर्दिग्भिश्चराद्धानि गुणोद्धृतान्त्या ॥ १ ॥" अर्थात सायन मेषार्कके आरम्भदिनमें मध्याह्नसमयमें शंकुकी जो छाया हो वह पलभा होती है । जिस गामके चरखण्डकरना होउसगामकी पलभाको तीन जगे लिखना, एक जगे १० दशगुणी, दूसरी जगे आठगुणी, तीसरी जगे १० दशगुणीकरना फिर ३ तीनका भाग देनेपर उस गामका चरखण्ड होता है ।

लंकोदयोंकी पलादिकगतिका चक्र.

मे.०	वृ.१	मि. २	क. ३	सिं.४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं. १०	मी.११
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
९	९	१०	१०	९	९	९	९	१०	१०	९	९
१६	५८	४६	४६	५८	१६	१६	५८	४६	४६	५८	१६

रतलामशहरके स्वदेशोदयोकी पलादिगतिका चक्र.

मे.०	वृ.१	मि. २	क. ३	सिं ४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं.१०	मी.११
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
७	८	१०	११	११	१०	१०	११	११	१०	८	७
३४	३६	१२	२०	२०	५८	५८	२०	२०	१२	३६	३४

उदाहरण ।

जैसे शके १८२१ का अयनांश करना है अतः शके १८२१ मेंसे ४४४ चारसो चौवालिस हीन किये तो १३७७ हुए ये अयनांश कला हुई । इसमें ६० का भाग दिया लब्ध२२अंश शेष५७कला बची यह अंशादिक अयनांश हुआ ॥

अयनांशहीने चक्रांशेऽवशिष्टांशाधस्ताच्छून्यत्रयं लेख्यम् ॥ १६ ॥

अयनांशको चक्रांश (३६० अंशों) मेंसे हीन करना, शेष बचे हुए अंशके नीचे तीन शून्य लिखना ॥ १६ ॥

ततस्त्रिंशत्त्रिंशदंशकोष्ठकेषु मेषादिगतियोगे भावाङ्कपत्रे ॥ १७ ॥

तदनन्तर तीस तीस अंकोंके कोष्ठकोंमें लंकोदय और स्वदेशोदयकी मेषादिक राशियोंकी पलादिक गतिक्रमसे प्रथम मेषकी,तदनन्तर वृषभकी, फिर मिथुन,कर्क सिंह इस क्रमसे बारहों राशियोंकी पलादिकगति युक्त करना,भावपत्र और लग्नपत्रहो अर्थात् लंकोदयोंकी मेषादिक राशियोंकी पलादिक गति युक्त करनेसे भावपत्र और स्वदेशोदयकी मेषादिक राशियोंकी गति क्रमसे युक्तकरनेसे लग्नपत्र होता है ॥१७॥

उदाहरण ।

प्रथम तीन सौ साठ ३६० कोष्ठकके दो चक्र बनाना, उनके दक्षिण तरफ मेषादि १२ बारह राशि लिखना । ऊपर ० शून्यको आदिले २९ उनतीस-पर्यंत अंश लिखना, तदनन्तर अयनांश हीन करना ३६० तीनसौ साठ अंशमेंसे और जो शेष बचे उस कोष्ठकके अंकमें तीसका भाग देना, जो लब्धराशि शेष अंश बचेंगे उस राशिके अंशके नीचे तीन तीन शून्य लिखना, जसे—अय-नांश २२ । ५७ हैं यह २३ तेईसके समीप है इससे ३६० मेंसे २३ हीन

किये ३३७ शेष बचे, इसमें तीस ३० का भाग दिया लब्ध ११ राशि शेष ७ अंश रहे। इससे विना परिश्रम शीघ्र ज्ञात हो गया कि ११ मीनराशिके ७ अंशके नीचे तीन शून्य लिखना ऐसे तीन शून्य लिखके फिर क्रमसे मेषादिक राशियोंकी पलादिक गति मिलायी तो भावपत्र और लग्नपत्र हुए।

भावपत्रसर्वत्र अयनांश २३।०।०

	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	रा.
मे. ०	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	८	८	०
	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	५२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१०	३६
वृ. १	८	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	०
	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	९
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	५८
मि. २	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१८	०
	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	१०
	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	४६
क. ३	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२४	०
	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	८	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१०
	३८	२४	१०	५४	४२	२८	१४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१०	४६
सिं. ४	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८	०
	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	९
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	५८
क. ५	२८	२९	२९	२९	२९	२९	२९	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	०
	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	१६
तु. ६	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	०
	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१६
वृ. ७	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	०
	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	९
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	५८
ध. ८	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४५	४५	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४८	०
	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	१०
	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	४६
म. ९	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	०
	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१०
	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	४६
कुं. १०	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	०
	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	९
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	५८
मी. ११	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	०
	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	१६

लग्नपत्रं रत्नपुरे पलभा ५।८ अयनांश २२।०।० चरखंड ५१।४१।१७

रा.	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	ग.
मे. ०	२	३	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	६	०
	५१	१	९	१६	२४	३१	३९	४७	५५	४	१२	२१	३०	३८	४७	५५	४	१३	२१	३०	३८	४७	५६	४	१३	२१	३०	३९	४७	५६	०
	२	३६	१०	४४	१८	५२	२६	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	[illegible]	१२	३४
वृ. १	०	७	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	०
	४	१३	२२	३०	३९	४७	५६	५	१४	२५	३२	४५	५०	६	१६	२४	३३	४०	५७	७	१७	२७	३८	४८	५८	८	१८	२८	३९	४९	८
	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	१२	१२	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६
मि. २	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	०
	५१	९	२०	३०	४०	५०	०	११	२२	३३	४५	५५	७	१९	३०	४१	५३	४	१५	२७	३८	४९	१	१२	२३	३५	४६	५७	९	२०	१०
	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	१२
क. ३	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२३	०
	३१	४३	५४	५	१७	२८	३९	५१	२	१३	२४	३६	४७	५९	१०	२१	३३	४४	५५	७	१८	२९	४१	५२	३	१५	२६	३७	४९	०	११
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	२०
सिं. ४	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	०
	११	२३	३४	४५	५७	८	१९	३१	४३	५२	३	१४	२५	३६	४७	५८	९	२०	३१	४२	५३	४	१५	२६	३७	४८	५९	१०	२१	३२	११
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	२०
क. ५	२८	२८	२९	२९	२९	२९	२९	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३३	३४	०
	३३	४४	५	१६	२७	३८	४९	०	१०	२१	३२	४३	५४	५	१६	२७	३८	४९	०	११	२२	३३	४४	५५	६	१७	२८	३९	५०	१	१०
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	५८
तु ६	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	०
	११	२२	३३	४४	५५	७	१८	२९	४०	५१	२	१४	२५	३६	४८	५९	११	२२	३३	४४	५५	७	१९	३०	४१	५२	४	१५	२६	३८	१०
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	५८
वृ ७	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४५	४५	०
	४९	१	१२	२३	३५	४६	५७	९	२०	३१	४३	५४	५	१७	२८	३९	५१	२	१३	२५	३६	४७	५९	१०	२१	३३	४४	५५	७	१८	११
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	२०
ध ८	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	०
	२९	४१	५२	३	१५	२६	३७	४९	४९	१	१२	२३	४०	५०	०	१०	२०	३१	४१	५१	१	११	२२	३२	४२	५५	२	१३	२३	३३	११
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	२०
म. ९	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	०
	३३	४३	४	१४	२४	३४	[illegible]	५५	२	१२	२०	२९	३८	४६	५४	३	१२	२१	२९	३८	४६	५५	४	१२	२१	२९	३८	४७	५५	४	१०
	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	१२
कुं. १०	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	०
	१२	२३	३०	३८	४७	५५	४	१३	२०	२८	३५	४३	५०	५८	५	१३	२१	२८	३६	४३	५१	५८	६	१४	२१	२९	३६	४०	५१	५९	८
	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३४	८	४२	१६	५०	२४	५८	३२	६	४०	१४	४८	२२	५६	३०	४	३८	१२	४६	२०	५४	२८	३६
मी. ११	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०	०	०	०	[illegible]	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	०
	७	१४	२२	२९	३७	४४	५२	०	७	१५	२२	३०	३७	४५	५२	०	८	१५	२३	३०	३८	४५	५३	१	८	१६	२३	३१	३८	४६	७
	२	३६	१०	४४	१८	५२	२६	०	३४	८	४२	१६	५०	२४	५८	३२	६	४०	१४	४८	२२	५६	३०	४	३८	१२	४६	२०	५४	२८	३४

अथ लग्नस्पष्टरीतिः ।

भानुभांशज लग्नपत्रकोष्ठकमिष्टान्वितं तन्न्यूनकोष्ठजं भांशं भानुकलाद्यन्वितं तत इष्टाल्पकोष्टांतरेऽल्पैष्यकोष्टांतरेणाप्त- [illegible] जितं लग्नं भवेत् ॥ १८ ॥

सूर्यकी राशि अंश प्रमाण लग्नपत्रके कोष्ठकमें इष्ट घटी पल विपल युक्त करना, उस (इष्ट युक्त किये हुए कोष्ठक) से अल्पकोष्ठकके राशि-अंश लेना, अर्थात् जिस कोष्ठकमें इष्ट युक्त किये हुए कोष्ठकसे किंचित् न्यून अंक मिले उसके सामने जो राशि और ऊपर जो अंश हो वह अंश लेना । राशि-अंशके नीचे स्पष्ट सूर्यकी कला विकला युक्त करना, तदनंतर इष्ट युक्त किये हुए कोष्ठक और अल्प कोष्ठकका अन्तर करना, जो शेष बचे उसमें अल्पकोष्ठक और उसके आगेका ऐष्य कोष्ठकका अन्तर करके भाग देना, जो अंशादिक फल ३ तीन लब्ध आवे वह प्रथम आये हुए राश्यादिकमें युक्त करे तो लग्न स्पष्ट होता है ॥ १८ ॥

लग्नपत्रस्थभानुभांशजकोष्ठ स्वाधःस्थितसप्तमकोष्ठकाद्धीनं दिनमानम् ॥ १९ ॥

सूर्यकी राशि अंशप्रमाण लग्नपत्रमें जो कोष्ठक है उसको अपने नीचेके सातवें कोष्ठकमेंसे हीन करे, जो शेष बचे वह दिनमान जाने ॥ १९ ॥

तच्च षष्टिशुद्धं रात्रिमानम् ॥ २० ॥

दिनमानको ६० साठमेंसे शोधनेपर रात्रिमान होता है ॥ २० ॥

सूर्योदयादिष्टे रात्र्यार्द्धयुते तुर्यभावेष्टम् ॥ २१ ॥

सूर्योदयसे घट्यादिक इष्ट समयमें रात्र्यर्द्ध (रात्रिमानका अर्द्ध) युक्त करे तो चतुर्थ भावका इष्ट होता है ॥ २१ ॥

एतदाश्रय भावपत्रतो लग्नवच्चतुर्थभावसाधनम् ॥ २२ ॥

इस प्रकार चतुर्थ भावका इष्ट ले करके भावपत्रपर लग्नसाधनकी रीतिकेअनुसार (जैसे लग्न लाये हैं उसी तरहसे) चतुर्थ भावका साधन करना चाहिये ॥ २२ ॥

लग्नशोधिततुर्यषष्ठांशो लग्ने पञ्चवारं योज्यस्ततस्स षष्ठांशो रूपाच्चतुर्थस्तुर्ये पञ्चवारं योजितश्चेल्लग्नादयस्ससन्धयः षड्भावाः ॥ २३ ॥

लग्न निकले हुए चतुर्थ भावके षष्ठांशको (चतुर्थ भावमेंसे लग्नको) हीन करना, जो राश्यादिक शेष बचे उसको राशिके अंशमें ६ छःका भाग देना, जो लब्ध राशि आवे और शेष बचे उनको तीस ३० गुणे करके नीचेके अंश मिलाकर ६ छःका भाग दे, फिर जो लब्ध अंश आवे और शेषबचे उनको ६० साठ

गुण करके नीचेकी कला मिलाना, फिर ६ छःका भाग देना, एवं जो लब्ध कला आवे और शेष बचे उनके ६० गुणे करके विकला मिलाना, फिर ६ छःका भाग देना, जो लब्ध विकला आवे तथा शेष बचे उनको फिर ६० गुणे करके ६ छःका भाग देनेपर जो लब्ध आवे वह प्रतिविकला जानना ऐसे ६ छःका भाग देनेसे जो राश्यादिक फल आवे वह षष्ठांश होता है, उस षष्ठांशको लग्नमें पांचवार युक्त करना, तदनंतर फिर उस षष्ठांशको एकराशिमें (१।०।०।०।० शोधके चतुर्थ भावमें पांच वार मिलावे तो लग्नको आदि ले संधिसहित ६ छठा भाव होता है ॥ २३ ॥

एते षड्भोनाः शेषाः षड्भावाः ॥ २४ ॥

इन छहों भावोंमेंसे छः छः राशि हीन करनेसे शेष रहे हुए छहों भाव होते हैं ॥ २४ ॥

ग्रहः स्वाधिष्ठितभावारम्भसंधितो न्यूनो गतभावोत्थं
तादृग्विराममंध्याधिक उत्तरभावोत्थं फलं प्रयच्छति ॥ २५ ॥

ग्रह जिस भावमें स्थित हो उस भावकी आरंभ (पहलेकी) संधिसे न्यून (कमती) हो तो गतभावजनित (पीछेके भावका) फल देता है। ऐसे ही विराम (आगेकी) सन्धिसे अधिक हो तो उत्तर (आगेके) भावजनित फलको देता है ॥ २५ ॥

ग्रहसंध्यंतरं नखघ्नं भावसंध्यंतरेणाप्तं फलं विंशोपकाः ॥ २६ ॥

ग्रहसन्धिके अन्तरको ग्रह जिस भावमें स्थित हो उस भावसे कमती हो तो आरम्भसन्धिके साथ और भावसे ग्रह अधिक हो तो विराम (आगेकी) सन्धिके साथ अन्तर करके बीसगुणा करना और भावसन्धिके अन्तरका जिस सन्धिके ग्रहका अन्तर किया है उसी सन्धिके भावके साथ अन्तर करके भाग देना, जो फल आवे वह विंशोपका जानना और यदि ग्रह आरम्भसन्धिसे न्यून हो वा विराम सन्धिसे अधिक हो तो जिस भाव और सन्धिके बीचमें ग्रह हो उस भाव और सन्धिका अन्तर करके ग्रह सन्धिके अन्तरमें भाग देना, अर्थात आरम्भ सन्धिसे ग्रह न्यून हो तो पहलेके भाव और सन्धिसे अंतर करना और ग्रह आगेकी संधिसे अधिक हो तो आगेके भावसे संधिका अंतर करके बीसगुणे किये हुए ग्रह संधिके अंतरमें भाग देनेपर जो फल आवे वह विंशोपका होता है ॥ २६ ॥

उदाहरण ।

स्पष्टसूर्य १० । १६ । ५३ । ३९ है, इसकी राशि १० अंश १६ के प्रमाण लग्नपत्रमें कोष्ठक देखा ५७ । २१ । ६ है, इसमें इष्टघटचादि ११ । ३० । १८ मिलाया तो ६८ । ५१ । २४ हुए । घटीका अंक ६० साठसे अधिक है, अतः साठका भाग दिया शेष ८ । ५१ । २४ रहे, यह इष्ट युक्त किया हुआ लग्नपत्रका कोष्ठक हुआ । इस इष्टयुक्त कोष्ठकसे अल्पकोष्ठक लग्नपत्रमें ८ । ४५ । ४८ एक १ राशि ११ ग्यारह अंशके कोष्ठकमें मिलता है इसकारण १ वृषराशि ११ अंश लिये इसके नीचे सूर्यकी कला ५३ विकला ३९ युक्त किया तो १ । ११ । ५३ । ३९ हुआ, तदनंतर इष्टयुक्त कोष्ठक ८ । ५१ । २४ और अल्पकोष्ठक ८ । ४५ । ४८ का अंतर किया तो ० । ५ । ३६ । हुआ, इसमें अल्पकोष्ठक ८ । ४५ । ४८ । और ऐष्य कोष्ठक ८ । ५६ । ० के अंतर ० । १० । १२ का भाग दिया परंतु भाज्य भाजक दोनों कलादिक हैं अतएव इनको सवर्णित किये तो भाज्य ३३६ भाजक ६१२ हुए, भाज्यमें भाजकका भाग दिया लब्ध ० शून्य अंश आया शेष बचे ३३६ को ६० साठगुणे किये २०१६० हुए । इनमें फिर ६१२ भाजकका भाग दिया लब्ध ३२ कला आयी, शेष ५७६ बचे उनको ६० साठगुणे किये तो ३४५६० हुए । इनमें भाजक (६१२) का भाग दिया लब्ध ५६ विकला आयी । ऐसे अंशादिक ० । ३२ । ५६ फल तीन आये इनको प्रथम आये हुए राश्यादिक १ । ११ । ५३ । ३९ में युक्त किये तो १ । १२ । २६ । ३५ । हुए यह राश्यादिक लग्न हुआ ।

दिनमानसाधन ।

सूर्यकी राशि १० अंश १६ प्रमाण लग्नपत्रका कोष्ठक ५७ । २१ । ६ को अपने नीचेके सातवें कोष्ठक २६ । ९ । ४२ मेंसे हीन किया तो २८ । ४८ । ३६ इतना दिनमान हुआ ।

रात्रिमानसाधन ।

दिनमान २८ । ४८ । ३६ को ६० साठमेंसे शोधन किया तो ३१ । ११ । २४ रात्रिमान हुआ, इसको आधा किया तो १५ । ३५ । ४२ रात्र्यर्द्ध हुआ ।

चतुर्थभाव–इष्टसाधन ।

सूर्योदयसे इष्ट ११ । ३० । १८ । में रात्र्यर्द्ध १५ । ३५ । ४५ युक्तकिया तो २७ । ६ । ० इतना चतुर्थ भावका इष्ट हुआ ।

चतुर्थभावसाधन ।

स्पष्टसूर्य १०।१६।५३।३९ की राशि १० अंश १६ प्रमाण भावपत्रका कोष्ठक ५६।४५।२४ में चतुर्थभावका इष्ट २७।६।० मिलाया ८३।५१।२४ हुए, घटी ६० साठसे अधिक हैं ६० साठका भाग दिया शेष २३।५१।२४ बचे, यह इष्टयुक्त कोष्ठक हुआ, इससे न्यून कोष्ठक भावपत्रमें २३।४२।२० तीन राशि २७ अंशमें मिलता है, इसलिये राशि ३ अंश २७ लिये इसके नीचे कला विकलाके स्थानमें सूर्यकी कला ५३ विकला ३९ युक्त की तो ३।२७।५३।३९ हुए, फिर इष्टयुक्त कोष्ठक २३ । ५१ । २४ और अल्प कोष्ठक २३।४२।२० का अंतर किया ० । ९ । ४ हुआ, इसमें अल्पकोष्ठक २३।४२।२० और उसके आगेका ऐष्य कोष्ठक २३ । ५२। १८ का अंतर ०।९।५८ का भाग दिया, परन्तु भाज्य भाजक दोनों कलादिक हैं अतएव दोनोंको प्रथम सवर्णित किये भाज्य ५४४ भाजक ५९८ हुआ, भाज्य ५४४ में भाजक ५९८ का भाग दिया तो लब्ध ० अंश आया, शेष ५४४ को ६० साठगुणे किये ३२५४० हुए । इनमें भाजक ५९८ का भाग दिया, लब्ध ५४ कला आयी, शेष ३४८ बचे इनको ६० साठगुणे किये तो २०८८० हुए,इनमें भाजक ५९८ का भाग दिया, लब्ध ३४ विकला आयी ऐसे अंशादिक ०।५४। ३४ फल तीन आये इनको प्रथम आये हुए राश्यादिक ३।२७।५३।३९ में युक्त किये तो ३।२८।४८।१३ हुए इस प्रकार चतुर्थ भाव स्पष्ट हुआ।

भावसाधनका–उदाहरण ।


लग्नस्पष्ट १।१२।२६।३५ को चतुर्थ भाव ३।२८।४८।१८ मेंसे शोधा तो २।१६।२१।३८ हुए, शेष बचे इसकी राशिके २ अंकमें ६ छःका भाग दिया लब्ध ० राशि शेष २ को ३० तीस गुणे किये ६० हुए । इनमें नीचे-के १६ अंश मिलाये तो ७६ हुए । इनमें ६ छःका भाग दिया लब्ध १२ अंश आये, शेष ४ बचे । इनको ६० साठगुणे किये तो २४० हुए फिर कलाके अंक २१ युक्त किये तो २६१ हुए, फिर ६ का भाग दिया लब्ध ४३ कला आयी, शेष ३ बचे, उनको ६० साठगुणे किये तो १८० हुए । इनमें विकलाके अंक ३८ मिलाये २१८ हुए फिर ६ छःका भाग दिया लब्ध ३६ विकला आयी । शेष २ बचे, इनको फिर ६० साठगुणे किये तो १२० ,,

फिर ६ छःका भाग दिया लब्ध २० प्रतिविकला आयी । ऐसे छःका भाग देके ०।१२।४३।३६।२० फल पांच लाये तो षष्ठांश हुआ, इसको लग्न १।१२। २६।३५ में युक्त किये तो १।२५।१०।११।२० द्वितीय भावकी आरंभ संधि हुई । इसमें षष्ठांश ०।१२।४३।३६।२० युक्त किया तो २।७।५३।४७।४० द्वितीय भाव हुआ । द्वितीय भावमें फिर षष्ठांश ०।१२।४३।३६।२० मिलाया तो २।२०।३७।२४।० तृतीय भावकी आरम्भ और द्वितीय भावकी विराम संधि हुई । इसमें फिर षष्ठांश युक्त किया तो ३ । ३ ।२१।०।२० तृतीय भाव हुआ । इसमें फिर षष्ठांश ०।१२।४३।३६।२० युक्त किया ३।१६।४।३६।४० तृतीय भावकी विराम और चतुर्थ भावकी आरम्भ संधि हुई, ऐसे लग्नमें षष्ठांश पांचवार युक्त किया, फिर षष्ठांश ०।१२।४३।३६।० को एक राशि १।०।०।० मेंसे शोधा ०।१७।१६।२३।४० शेष बचे इनको चतुर्थ भावमें पांचवार युक्त किया तो लग्नादिक संधिसहित ६ छः भाव हुए, इन छः भावोंमेंसे ६ छः छः राशि घटायी तो शेषके ६ भाव हुए ।


ससंधयो द्वादशभावाः ।

१	सं.	२	सं.	३	सं.	४	सं.	५	सं.	६	सं.
१	१	२	२	३	३	३	४	५	५	६	६
१२	२५	७	२०	३	१६	२८	१६	३	२०	७	२५
२६	१०	५३	३७	२१	४	४८	४	२१	३७	५३	१०
३५	११	४७	२४	०	१६	१३	१६	०	२४	४७	११
०	२०	४०	०	२०	४०	०	४०	२०	०	४०	२०
७	सं.	८	सं.	९	सं.	१०	सं.	११	सं.	१२	सं.
७	७	८	८	९	९	९	१०	११	११	०	०
१२	२०	७	२०	३	१६	२८	१६	३	२०	७	२५
२६	१०	५३	३७	२१	४	४८	४	२१	३७	५३	१०
३५	११	४७	२४	०	१६	१३	१६	०	२४	४७	११

वर्षाङ्गचक्रम्.



चलितचक्रम्.



भावमें जो जो राशि आवे वे चलितमें लिखना फिर ग्रह लिखना । वहांसूर्य वर्षकुंडलीमें १०दशमभावमें स्थित है । दशमभावकी विरामसंधिसे१०।१६।४ से सूर्य अधिक है, इसलिये यह ११ ग्यारहवें भावका फल देगा । एवं

शुक्र ११ वें भावमें स्थित है, ११ ग्यारहवें भावकी विरामसंधि ११ । २० से शुक्र ११ । २५ अधिक है, अतएव शुक्र १२ वें भावका फल देगा, ऐसे सर्वग्रहोंको जानने ।

विशोपकानयन—उदाहरण ।

सूर्य १० । १६ ।५३।२९ और दशम भावकी विराम संधि १०।१६।३४ । ३६ का अंतर किया तो ०।०।४९।२हुआ ,इसको बीस गुणा किया तो १६ । २१।० हुए । इनमें सूर्य दशम भावकी विरामसंधि और ग्यारहवें भावके बीचमें है, इसलिये दशमभावकी विरामसंधि १० । १६।४।३६ और ग्यारहवां भाव ११। ३२।१।० के अंतर १७ । १६ । २४ का भाग दिया—परंतु दोनों भाज्य भाजक अंशादिक हैं इसलिये इनको प्रथम सवर्णित किये भाज्य ५८८६० भाजक ६२१८४ हुए । भाज्य ५८८६० में भाजक ६२१८४ का भाग दिया लब्ध ० शून्य विश्वा आये, शेष ५८८६० को ६० साठगुणे किये तो ३५३ १६० हुए, भाजक भावमंध्यंतर ६२१८४ का भाग दिया तो लब्ध ५७ प्रतिविश्वा आये। यह सूर्यके विंशोपका हुए,इसी प्रकार सब ग्रहोंके विंशोपका जानना।

विंशोपकाः ।

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	मुं.
०	१८	९	१७	९	७	१६	२	२	३
५७	१०	५४	५७	४६	७	४९	१९	१९	३९

इति श्रीज्योतिर्विद्वरश्रीमन्महादेवकृतवर्षदीपकाख्यताजिकग्रन्थे तदात्मजश्रीनिवासविरचितायां सोदाहरणभाषाव्याख्यायां ग्रहभावसाधनाध्यायो द्वितीयः ॥ २ ॥

वक्राच्छज्ञचन्द्रार्कज्ञसितारेज्यार्किमन्देज्या मेषाद्यधिपाः ॥ १ ॥

वक्र (मंगल), अच्छ (शुक्र), ज्ञ (बुध),चंद्र, अर्क (सूर्य);ज्ञ (बुध), सित (शुक्र), आर (मंगल), इज्य (गुरु), आर्कि (शनि), मंद (शनि) इज्य (गुरु), मेषादिक राशियोंके क्रमसें स्वामी जानना ॥ १ ॥

मेषादिराशियोंके स्वामी.

मे. ०	वृ. १	मि. २	क. ३	सिं. ४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं. १०	मी. ११	राशी.
मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	गु.	श.	श.	गु.	स्वामी

मेषगोनक्रकन्याकर्कान्त्यतुला दिवाकराद्युच्चर्क्षा दशमतृतीयाष्टा-
विंशपञ्चदशपञ्चमसप्तविंशविंशाः क्रमेण परमोच्चभागाः ॥ २ ॥

मेष, गो (वृषभ), नक्र (मकर), कन्या, कर्क, अन्त्य (मीन) और तुला ये सूर्यादिक ग्रहोंकी क्रमसे उच्चराशि होती हैं, अर्थात् मेषका सूर्य, वृषभका चन्द्र, मकरका मंगल, कन्याका बुध, कर्कका गुरु, मीनका शुक्र, तुलाका शनि उच्चका जानना और दशम, तृतीय, अष्टाविंश २८, पञ्चदश १५, पंचम ५, सप्तविंश २७, विंश २० क्रमसे परमउच्चके अंश जानना अर्थात् ऊपर कही हुई राशि और अंशोंके सूर्यादि ग्रह हों तो परम उच्चके जानना, जैसे—सूर्य मेषके दश अंशका है ये परम उच्चका हुआ। इसी प्रकार चंद्र वृषभके तीन अंशका परम उच्चका, मंगल मकरके २८ अट्ठाईस अंशका, बुध कन्याके १५ पंद्रह अंशका, गुरु कर्कके पांच ५ अंशका, शुक्र मीनके २७ सत्ताईस अंशका और शनि तुलाके २० बीस अंशका परम उच्चका जानना ॥ २ ॥

स्वोच्चसप्तमर्क्षास्तथांशाः क्रमशो नीचर्क्षाः परमनीचभागाः ॥ ३ ॥

सूर्यादिग्रहोंकी अपनी उच्चराशिसे सातवीं राशि और अंश क्रमसे नीच राशि और परमनीचके अंश होते हैं ॥ ३ ॥

उच्चनीचराशिचक्रम् ।

र	चं	मं	बु	गु	शु	श		
० १०	१ ३	९ २८	५ १५	३ ५	११ २७	६ २०		उच्चराशयः
६ १०	७ ३	३ २८	११ १५	९ ५	५ २७	० २०		नीचराशयः

मेषेऽङ्गाङ्गाष्टपंचेषवो गुरुशुक्रज्ञारार्कजानां हद्दांशाः ॥ ४ ॥

मेषराशिमें अंग ६, अंग ६, अष्ट ८, पंच ५, इषु ५, इन अंशोंके क्रमसे गुरु, शुक्र, बुध, मंगल और शनि हद्दाके स्वामी जानना। अर्थात् मेषराशिके ६ छः अंशपर्यंत हद्दाका स्वामी गुरु होता है, उसके आगेके ६ छः अंशका स्वामी शुक्र, उसके आगेके ८ अंशका स्वामी बुध, उसके आगेके ५ पांच अंशका स्वामी मङ्गल, उसके आगेके ५ अंशका स्वामी शनि, इसी प्रकार बारहों राशियोंके हद्दांशके स्वामी समझना चाहिये ॥ ४ ॥

वृषेऽष्टांगेभशराग्नयः सितज्ञेज्यमन्दाराणाम् ॥ ५ ॥

वृषभराशिमें अष्ट ८ अंग ६ इभ ८ शर ५ अग्नि ३ इन अंशोंमें यथाक्रम शुक्र, बुध, गुरु, शनि, मंगल हद्दाके स्वामी जानना ॥ ५ ॥

द्वंद्वेऽङ्गांगाशराद्रयङ्गांशा ज्ञशुक्रेज्यारमन्दानाम् ॥ ६ ॥

मिथुन राशिमें अंग ६ अग ६ शर ५ अद्रि ७ अंग ६ इन अंशोंके क्रमसे बुध, शुक्र, गुरु, मंगल, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ ६ ॥

कर्केऽद्र्यंगांगनगाब्ध्यंशा भौमाच्छज्ञेज्यार्कीणाम् ॥ ७ ॥

कर्कराशिमें अद्रि ७ अंग ६ अंग ६ नग ७ अब्धि ४ इन अंशोंके क्रमसे भौम, शुक्र, बुध, गुरु, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ ७ ॥

सिंहेऽगेष्वद्र्यंगांगांशा इज्यसितार्किज्ञाराणाम् ॥ ८ ॥

सिंहराशिमें अंग ६ इषु ५ अद्रि ७ अंग ६ अंग ६ इन अंशोंके क्रमसे गुरु, शुक्र, शनि, बुध, मंगल हद्दाके स्वामी जानना ॥ ८ ॥

कन्यायां नगाशाब्ध्यंगाक्ष्यंशा ज्ञाच्छेज्यारार्कीणाम् ॥ ९ ॥

कन्याराशिमें नग ७ आशा १० अब्धि ४ अग ६ अक्षि २ इन अंशोंके क्रमसे बुध, शुक्र, गुरु, मंगल, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ ९ ॥

तुलेऽगाष्टनगाद्र्यक्ष्यंशा मन्दज्ञेज्यसिताराणाम् ॥ १० ॥

तुलाराशिमें अंग ६ अष्ट ८ नग ७ अद्रि ७ अक्षि २ इन अंशोंके क्रमसे शनि, बुध, गुरु, शुक्र, मंगल हद्दाके स्वामी जानना ॥ १० ॥

कीटे सप्ताब्ध्यष्टशरांगांशा वक्राच्छज्ञेज्यार्कीणाम् ॥ ११ ॥

वृश्चिक राशिमें सप्त ७ अब्धि ४ अष्ट ८ शर ५ अंग ६ इन अंशोंमें यथाक्रम मंगल, शुक्र, बुध, गुरु, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ ११ ॥

चापेऽर्केष्वब्धिशराब्ध्यंशा इज्यसितज्ञारमन्दानाम् ॥ १२ ॥

धनराशिमें अर्क १२ इषु ५ अब्धि ४ शर ५ अब्धि ४ इन अंशोंके क्रमसे गुरु, शुक्र, बुध, मंगल, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ १२ ॥

नक्रे नगनगाब्ध्यष्टवेदांशा ज्ञेज्याच्छार्किवक्राणाम् ॥ १३ ॥

मकरराशिमें नग ७ नग ७ अब्धि ४ अष्ट ८ वेद ४ इन अंशोंके क्रमसे बुध, गुरु, शुक्र, शनि, मंगल हद्दाके स्वामी जानना ॥ १३ ॥

घटे नगांगाद्रिपञ्चेषवः शुक्रज्ञेज्यारमन्दानाम् ॥ १४ ॥

कुम्भराशिमें नग ७ अंग ६ अद्रि ७ पंच ५ इषु ५ इन अंशोंमें यथाक्रम शुक्र, बुध, गुरु, मंगल, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ १४ ॥

झषेऽर्काब्ध्यग्न्यंकाक्ष्यंशाः सितेज्यज्ञारार्कीणाम् ॥ १५ ॥

मीनराशिमें अर्क १२ अब्धि ४ अग्नि ३ अंक ९ अक्षि २ इन अंशोंके क्रमसे शुक्र, गुरु, बुध, मंगल, शनि हद्दाके स्वामी जानना ॥ १५ ॥

हद्दाचक्रम् ।												
मे. ०	वृ. १	मि. २	क. ३	सिं. ४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं. १०	मी. ११	
६ ग	८ शु	६ बु	७ मं	६ गु	७ बु	६ श	७ मं	१२ गु	७ बु	७ शु	१२ शु	अंशस्वामी.
६ शु १२	६ बु १४	६ शु १२	६ शु १३	५ शु ११	१० शु १७	८ बु १४	४ शु ११	५ शु १७	७ गु १४	६ बु १३	४ गु १६	अंशस्वामी.
८ बु २०	८ गु २२	५ गु १७	६ बु १९	७ श १८	४ गु २१	७ गु २१	८ बु १९	४ बु २१	४ शु १८	७ गु २०	३ बु १९	अंशस्वामी,
५ मं २५	५ श २७	७ मं २४	७ गु २६	६ बु २४	७ मं २८	७ शु २८	५ गु २४	५ मं २६	८ श २६	५ मं २५	९ मं २८	अंशस्वामी.
५ श ३०	३ मं ३०	६ श ३०	४ श ३०	६ मं ३०	२ श ३०	२ मं ३०	६ श ३०	४ श ३०	४ मं ३०	५ श ३०	२ श ३०	अंशस्वामी.

ग्रहे प्रथमद्रेष्काणगे तद्राशौ वह्नियोगे मध्यद्रेष्काणगे तद्राशौ सैकोऽन्त्यद्रेष्काणगे रसयोगे तद्राशौ मुनिभक्ते शेषेऽर्काद्याः पतयः ॥१६॥

ग्रह प्रथमद्रेष्काणमें हो तो उसकी राशिके अंकमें ३ तीन मिलाना और मध्यद्रेष्काणमें हो तो उसकी राशिमें (१) एक युक्त करना, एवं अन्त्य (तीसरे) द्रेष्काणमें हो तो उसकी राशिमें ६ छः युक्त करना, अनन्तर उस राशिमें ७ सातका भाग देना, शेष १ बचे तो सूर्य, २ बचे तो चन्द्र, ३ तीन बचे तो मंगल, ४ बचे तो बुध, ५ बचे तो गुरु, ६ बचे तो शुक्र, ७ बचे तो शनि द्रेष्काणका स्वामी होता है ॥ १६ ॥

द्रेष्काणचक्रम् ।													
मे. ०	वृ. १	मि. २	क. ३	सिं. ४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं. १०	मी. ११		
मं.	बु.	गु.	शु.	श.	र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	१०	अंश.
र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	र.	चं.	मं.	बु.	गु.	२०	अंश.
[illegible]	[illegible]	र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	र.	चं.	मं.	३०	अंश.

१ द्रेष्काण १० अंशका होता है, १० अंशपर्यन्त प्रथम द्रेष्काण, १० से २० अंशपर्यन्त मध्य द्रेष्काण, २० अंशसे ३० अंशपर्यन्त अन्त्य द्रेष्काण होता है ।

मेषसिंहचापेषु मेषाद्या वृषकन्यानक्रेषु मृगाद्या युग्मतुलाकुम्भेषु तुलाद्याः कर्कालिमीनेषु कर्काद्या नवांशाः ॥ १७ ॥

मेष १ सिंह ५ धन ९ राशिमें मेषराशिको आदि ले, वृष २ कन्या ६ मकर १० राशिमें मकरराशिको आदि ले, मिथुन ३ तुला ७ कुम्भ ११ राशिमें तुला राशिको आदि ले और कर्क ४ वृश्चिक ८ मीन १२ राशिमें कर्कराशिको आदि ले नवांशविभागकी संख्यापर्यंत गिननेसे नवांश होता है, अर्थात्-जितनी संख्या नवांशविभागमें हो उतनी संख्यापर्यंत गिननेसे जो राशि आवे उसके स्वामी नवांशका स्वामी होता है ॥ १७ ॥

नवांशविभागचक्रम् ।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	नवांश वि.
३	६	१०	१३	१६	२०	२३	२६	३०	अंश.
२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	कला.

नवांशसारिणीचक्रम् ।

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	अंश.	कला.
०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११		
१.	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	३	२०
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	६	४०
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	१०	०
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	१३	२०
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	१६	४०
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	२०	०
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	२३	२०
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	२६	४०
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	३०	०

गृहोच्चहद्दाद्रेष्काणनवांशाः पञ्चवर्गाः ॥ १८ ॥

---

१ एक राशिके ९ नव भागको नवांश कहते हैं, एक नवांशविभाग ३ तीन अंश २० कलाका होता है

ग्रह (राशिके) स्वामी, उच्च, हद्दा, द्रेष्काण और नवांश पंचवर्ग होते हैं । अर्थात् प्रथम ग्रहोंकी राशिके स्वामी, फिर उच्च, तदनन्तर हद्दा, एवं द्रेष्काण नवांश लिखनेसे पंचवर्ग होता है ॥ १८ ॥

यो ग्रहो यस्य ज्यायत्रिकोणान्यतमगः स सुहृत् ॥ १९ ॥

जो ग्रह जिस ग्रहसे तीसरे ३ ग्यारहमें ११ नवमें ९ पांचमें ५ स्थानोंमेंसे किसी स्थानमें स्थित हो वह उस ग्रहके मित्र होता है ॥ १९ ॥

केंद्रगस्तथा शत्रुः ॥ २० ॥ शेषस्थानस्थः समः ॥ २१ ॥

और जो ग्रह जिस ग्रहसे केंद्र (१ । ४ । ७ । १०) स्थानोंमेंसे कोई भी स्थानमें स्थित हो वह उस ग्रहके शत्रु होता है ॥ २० ॥ शेष २ । ६ । ८ । १२ दूसरे छठे आठवें बारहवें स्थानोंमेंसे कोई भी स्थानमें जिस ग्रहसे जो ग्रह स्थित हो वह उसके सम होता है ॥ २१ ॥

स्वगृहे त्रिंशल्लवाः सुहृद्भे सार्द्धद्वाविंशतिः ।
समभे तिथयः शत्रुभे सार्द्धसप्तबलम् ॥ २२ ॥

इस प्रकार मैत्रीचक्र बनाके उस (मैत्रीचक्र) के अनुसार पञ्चवर्गमें आये हुए ग्रहोंके नीचे मित्र सम शत्रु लिखना, तदनन्तर बल लिखना, उसकी रीति कहते हैं । ग्रह स्वगृही (स्वराशिका) हो तो ३० तीस अंश, मित्र राशिका हो तो २२ । ३० साढेबाईस अंश, समराशिमें १५ पन्द्रह अंश, शत्रुराशिमें हो तो ७ । ३० साढेसात अंश बल जानना ॥ २२ ॥

यथा भवे षड्भाल्पं तथा नीचखेटांतरे तद्भागाङ्कभागस्स्वोच्चबलम् ॥ २३ ॥

ग्रह और उसके नीचका अन्तर जैसे हो सके वैसे छः राशिसे अल्प करना (ग्रहमें नीचको हीन करनेसे ६ छः राशिसे अल्प शेष बचे तो ग्रहमेंसे नीचको हीन करना और अधिक बचते हों तो नीचमेंसे ग्रहको हीन करना) शेष यदि अन्तरके अंश करके राशिको ३० गुणी करके अंश मिलाके उसमें ९ नवका भाग देना, लब्ध उच्चबल होता है ॥ २३ ॥

स्वहद्दायां तिथ्यंशा मित्रहद्दायां सपादैकादश समहद्दायां
सार्द्धसप्त शत्रुहद्दायां पादोनवेदांशा बलम् ॥ २४ ॥

ग्रह स्वराशिकी हद्दामें हो तो १५ पंद्रह अंश, मित्र ग्रहकी हद्दामें ११।१५ सवाग्यारह अंश, समग्रहकी हद्दामें ७।३० साढ़ेसात अंश, शत्रु ग्रहकी हद्दामें हो तो ३।४५ (पौनेचार अंश) बल जानना ॥ २४ ॥

स्वद्रेष्काणे दश मित्रद्रेष्काणे सार्द्धनगाः समद्रेष्काणे
पञ्च शत्रुद्रेष्काणे सार्द्धयमा अंशा बलम् ॥ २५ ॥

ग्रह–स्वराशिके द्रेष्काणमें हो तो १० अंश, मित्रग्रहके द्रेष्काणमें हो तो ७।३० साढ़ेसात अंश, समग्रहके द्रेष्काणमें ५ पांच अंश, शत्रुग्रहके द्रेष्काणमें हो तो २।३० अढ़ाई अंश बल जानना ॥ २५ ॥

स्वनवांशे पञ्च मित्रांशे पादोनवेदाः समांशे सार्धयमा
रिप्वंशे सपादैको बलम् ॥ २६ ॥

ग्रह–स्वराशिके नवांशमें हो तो ५ पांच अंश, मित्रनवांशमें ३।४५ पौनेचार अंश, समनवांशमें हो तो २।३० ढाई अंश, शत्रुनवांशमें हो तो १ । १५ (सवा) अंश बल जानना ॥ २६ ॥

पंचवर्गबलकोष्टकम् ।

	स्व.	मित्र	सम	शत्रु	
स्व.	३० ०	२२ ३०	१५ ०	७ ३०	गृह
हद्दा.	१५ ०	११ १५	७ ३०	३ ४५	हद्दा
द्रेष्का.	१० ०	७ ३०	५ ०	२ ३०	द्रेष्काण
नवां.	५ ०	३ ४५	२ ३०	१ १५	नवांश

पंचवर्गबलैक्ये वेदोद्धृते लब्धं विंशोपकात्मकं बलम् ॥ २७ ॥

पंचवर्गके बलके ऐक्य (योग) में ४ चारका भाग देना जो लब्ध आवे उसे विश्वात्मक बल जानना चाहिये ॥ २७ ॥

षडल्पोल्पबली रव्यधिकः पूर्णबली ॥ २८ ॥

आया हुआ विश्वात्मक बल छः से अल्प हो तो अल्पबली और बारहसे

अधिक हो तो पूर्णबली, ६ छः से अधिक बारहसे न्यून हो तो मध्यबली होता है ॥ २८ ॥

सूर्य १० । १६ । ५३ । ३९ कुम्भराशिका है, इसका स्वामी शनि है, सो गृहका स्वामी हुआ । एवं सूर्यका उच्च ०।१० हद्दा—सूर्य कुम्भ राशिके ३ हद्दांशमें (प्रथम ७ अंश फिर ६ अंश मिलानेसे १३ होते हैं इससे अधिक अंश सूर्य है, इसलिये दो अंश गये और तीसरे ७ अंशमें हुआ) हैं इसका स्वामी गुरु है वह सूर्यकी हद्दाका स्वामी हुआ ।

द्रेष्काण—सूर्य मध्यद्रेष्काणमें है इसकी राशिमें १० में १ युक्त किया ११ हुए, सातका भाग दिया ४ शेष बचे, तो सूर्यको आदि ले क्रमसे ४ बुध द्रेष्काणका स्वामी हुआ । नवांश—सूर्य कुम्भराशिके छठे नवांशविभागमें है(१६ ५० से अधिक है अतएव तुलाराशिसे नवांश विभागसंख्य ६ पर्यंत गिननेसे मीन राशि हुई. इसका स्वामी गुरु है सो सूर्यके नवांशका स्वामी हुआ, ऐसे ही सर्वग्रहके पंचवर्ग जानना ।

बृहत्पंचवर्गचक्रम्.

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
श मि	श मि	श मि	गु मि	मं श	गु मि	गु सं	स्वगृह.
० १०	१ २	९ २८	५ १५	३ ५	११ २७	६ २०	उच्च.
गु श	शु स	बु स	शु श	बु मि	मं स	गु स	हद्दा.
बु स	शु स	शु स	श श	र श	मं स	बु श	द्रेष्काण.
गु श	श स	गु श	चं स	गु स्व	श श	बु श	नवांश.

मैत्रीसाधन—उदाहरण ।

सूर्यसे ११ स्थानमें शनि स्थित है वह सूर्यके मित्र हुआ, एवं सूर्यसे १ स्थानमें चन्द्र, मंगल १० स्थानमें गुरु स्थित है, ये सूर्यके शत्रु हुए और २ स्थानमें बुध, शुक्र स्थित है, वे सम हुए इसी प्रकार सर्वग्रहोंके मित्र शत्रु समझना ।

मैत्रीचक्रम्.

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
श	श	श	गु	बु शु	गु	र चं मं	मित्र.
च शु	बु शु	बु शु	र मं चं	श	र चं मं	गु	सम.
चं मं गु	र मं गु	र चं गु	शु श	र चं मं	बु श	बु शु	शत्रु.

बलसाधन-उदाहरण ।

सूर्यके गृहका स्वामी शनि सूर्यका मित्र है, इसलिये गृहमें सूर्यके नीचे २२ । ३० अंश बल लिखा, उच्चबल सूर्य १०।१६।५२।३९। नीच ६।१०।०।० सूर्यमेंसे नीच हीन किया ४।६।५२।३९ शेष बचे इसके अंश किये १२६ । ५३ । ३९ हुए, नवका भाग दिया लब्ध १४ आये शेष शून्य बचा, इनको साठसे गुणा किया. इसमें ५२ कला मिलायी ५२ हुए और नवका भाग दिया, लब्ध ५ आये, सो सूर्यका उच्चबल १४, ५ हुआ । हद्दा-हद्दाका स्वामी गुरु सूर्यका शत्रु है, अतः हद्दाका शत्रु बल ३ । ४५ सूर्यके नीचे हद्दामें लिखा-द्रेष्काण, सूर्यके द्रेष्काणका स्वामी बुध सूर्यके सम है इसलिये द्रेष्काणमें समका बल ५ । ० प्राप्त हुआ ।

नवांश सूर्यके नवांशका स्वामी गुरु सूर्यके शत्रु है, अतएव नवांशमें सूर्यके नीचे शत्रु नवांश बल १।१५ लिखा, यह पंचवर्ग बल हुआ । इन पांचोंको योग किया ४६।३५ पंचवर्ग बलैक्य हुआ, इसमें ४ चारका भाग दिया, लब्ध ११ । ३८ । ४५ आये, यह सूर्यका विंशोपकात्मक बल हुआ । ग्रहबल ६ से अधिक और १२ बारहसे न्यून है, अतः मध्यमबल जानना । एवं शेष चन्द्रादि सर्वग्रहोंका किया जाता है ॥

पंचवर्गबलचक्रम् ।

र.	च.	म.	बु.	ग.	शु.	श.	
२२ ३०	२२ ३०	२२ ३०	२२ ३०	७ ३०	२२ ३०	१५ ०	गृह.
१४ ५	९ ४२	१८ ५६	२ २९	५ ७	१९ ४७	१४ २७	उच्च.
३ ४५	७ ३०	७ ३०	३ ४५	११ १५	७ ३०	७ ३०	हद्दा.
५ ०	५ ०	५ ०	२ ३०	२ ३०	५ ०	२ ३०	द्रेष्का.
१ १५	२ ३०	१ १५	२ ३०	५ ०	१ १५	१ १८	नवां.
४६ ३५	४७ १२	५५ ११	३२ ३४	३१ २२	५६ २	४० ४२	योग.

विंशोपकात्मकबलम् ।						
र.	चं.	मं.	बु	गु.	शु.	श.
११	११	१३	८	७	१४	१०
३८	४८	४७	११	५०	०	१०
४५	०	४५	०	३०	३०	३०
म.	म.	पू.	म.	म.	पू.	म.

चन्द्रार्कारेज्याः परस्परं मित्राणि शेषाश्च ॥ २९ ॥

अब अन्य आचार्यके मतकी स्थिरमैत्री लिखते हैंः—चन्द्र, सूर्य, मंगल, गुरु ये परस्पर मित्र जानना और शेष रहे बुध, शुक्र, शनि, ये परस्पर मित्र जानना ॥ २९ ॥

इतरथा रिपवः ॥ ३० ॥

ऊपर कहे हुए मित्रग्रहसे जो शेष रहे वे शत्रु होते हैं ॥ ३० ॥

स्थिरमैत्रीचक्रम् ।							
र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
चं. मं. गु.	र. मं. गु.	र. चं. गु.	शु. श.	र. चं. मं.	बु. श.	शु. बु.	मित्र.
बु. श. श.	बु. शु. श.	बु. शु. श.	र. चं. मं. गु.	बु. शु. श.	र. मं. चं. गु.	र. चं. मं. गु.	

स्वस्वाधिकारबलार्द्धमित्रर्क्षे बलं तदर्धं शत्रुभे शेषं प्राग्वदित्येके॥३१॥

इस स्थिरमैत्रीके मित्रशत्रुके अनुसार पञ्चवर्गबल लानेकी रीति कहते हैंः—गृह ३० हद्दा १५ द्रेष्काण १० नवांश ५ के कहे हुए अपने अपने राशिके बलको स्वराशिगत ग्रहमें यथावस्थित (गृहमें ३० हद्दामें १५ द्रेष्काणमें १० नवांशमें ५) ही जानना और अपने अपने स्वका आधा आधा बल मित्रराशिगत ग्रहमें और मित्रराशिगत ग्रहका आधा आधा बल शत्रुराशिगत ग्रहमें जानना, अर्थात् स्वमें पूरा, मित्रमें स्वका आधा, शत्रुमें मित्रका आधा लिखना, जैसे—गृहमें स्वराशिका ३० अंश बल है, उसका आधा १५, मित्र

राशिगतका बल और उसका आधा ७ । ३० शत्रुराशिगतका बल हुआ है शेष रीति प्रथम कहे समान करना । ऐसा अनेक आचार्योंका मत है ॥ ३१ ॥

उदाहरण ।

गृहमें—सूर्यकी राशिका स्वामी शनि स्थिर मैत्रीमें सूर्यका शत्रु है इसकारण सूर्यके नीचे गृहमें स्वगृहके बल ३० के आधेका आधा लिखा ७।३० उच्च बल पूर्वानीत लिखा १४ । ५ हद्दामें-सूर्यकी हद्दाका स्वामी गुरु स्थिर मैत्रीमें सूर्यके मित्र है, अतएव हद्दाके स्वराशिके बल १५ का आधा ७ । ३० लिखा । एवं सूर्यके द्रेष्काण स्वामी बुध स्थिरमैत्रीमें सूर्यके शत्रु हैं इसलिये द्रेष्काणके राशिके बल १० का आधेका आधा २ । ३० द्रेष्काणमें सूर्यके नीचे लिखा । नवांश—सूर्यके नवांशका स्वामी गुरु सूर्यके मित्र है, अतएव नवांशबल ५ । ०का आधा २।३० नवांशमें सूर्यके नीचे लिखा।इन पांचोंका योग किया ३४। ५ आया, यहां ४ चारका भाग दिया, लब्ध ८ । ३१ १५ [1]विशोपकात्मक बल हुआ,यह ६ छहसे अधिक है,इसवास्ते मध्यमबल हुआ । ऐसे ही शेष ग्रहोंका बल जानना ।

बलचक्रम्.

	गृह	हद्दा	द्रेष्का	नवा.
स्व.	३०	१५	१०	५
मित्र	१५	७ ३०	५ ०	२ ३०
शत्रु	७ ३०	३ ४५	२ ३०	१ १५

स्थिरमैत्रीमित्रशत्रुवशेन पंचवर्ग-बलचक्रम्.

सू.	चं.	म.	बु.	गु.	शु.	श.	
७ ३०	७ ३५	७ ३०	७ ३०	१५ ०	७ ३०	७ ३०	गृह.
१४ ५	९ ४२	१८ ५६	१ २९	५ ७	१९ ४७	१४ २७	उच्च.
७ ३०	३ ४८	३ ४५	७ ३०	३ ४५	३ ४५	३ ४५	हद्दा.
२ ३०	२ ३०	२ ३०	५ ०	५ ०	२ ३०	५ ०	द्रेष्का.
२ ३०	१ १५	२ ३०	१ १५	५ ०	२ ३०	२ ३०	नवां.
३४ ५	२४ ४२	३५ ११	२२ ४४	३३ ५२	३६ २	३३ १२	योग.
८ ३१ १५	६ १० ३०	८ ४७ ४८	५ ४१ ०	८ २८ ०	९ ० ३०	८ १८ ०	विंशोपकात्मकबलम्
म.	म	म.	म	म	म.	म.	बल

1 बलका योग करना उसको चारका भाग देना आदि रीति ।

आद्योऽर्कांशांता द्वादश वर्गाः ॥ ३२ ॥

स्वगृहको आदि ले द्वादशांशपर्यंत (स्वगृह १ होरा २ द्रेष्काण ३ चतुर्थांश ४ पञ्चमांश ५ षष्ठांश ६ सप्तमांश ७ अष्टमांश ८ नवमांश ९ दशमांश १० एकादशांश ११ द्वादशांश १२) द्वादशवर्ग होता है ॥ ३२ ॥

आद्याधिपाः प्राग्वत् ॥ ३३ ॥

राशियोंके स्वामी प्रथम कहे समान जानना ॥ ३३ ॥

विषमर्क्षे सूर्यशशिनोः समर्क्षे व्यत्ययेन होरा ॥ ३४ ॥

विषमराशिमें प्रथम सूर्य; दूसरे चन्द्रकी होरा होती है और समराशिमें विपरीत अर्थात् प्रथम चन्द्र द्वितीय सूर्यकी होरा होती है ॥ ३४ ॥

स्वेषु नवक्षशा द्रेष्काणपाः ॥ ३५ ॥

प्रथम द्रेष्काणमें अपनी राशिका स्वामी, दूसरे (मध्य) द्रेष्काणमें अपनी राशिसे पांचमी राशिका स्वामी, तृतीय (तीसरे) द्रेष्काणमें अपनी राशिसे नवमी राशिका स्वामी, द्रेष्काणका स्वामी जानना ॥ ३५ ॥

केचित्प्राग्वत् ॥ ३६ ॥

कोई आचार्य जो पंचवर्गमें प्रथम द्रेष्काण कहा है वही करना ऐसा कहते हैं ॥ ३६ ॥

स्वर्क्षजकेन्द्रेशा वेदांशपाः ॥ ३७ ॥

अपनी राशिसे प्रथम चतुर्थांशमें अपनी राशिका स्वामी, दूसरेमें ४ चौथी राशिका स्वामी, तीसरेमें सातवीं राशिका स्वामी, चौथेमें १० दशमी राशिका स्वामी चतुर्थांशका स्वामी होता है ॥ ३७

ओजर्क्षे भौमार्कीज्यज्ञसिताः समर्क्षे प्रतिलोमतः शरांशपाः ॥ ३८ ॥

विषम (एक) राशिमें प्रथम पञ्चमांशमें भौमका दूसरेमें शनि तीसरेमें

---

१ पंदरह १५ अंशकी एक १ होरा होती है (० अंशसे १५ अंशतक प्रथम होरा १ अंशसे ३० अंशपर्यंत दूसरा होरा हो)।

२ दशअंशका १ द्रेष्काण होता है ।

३ एकराशिके ४ चार भागको कहते हैं, एक चतुर्थांश विभाग ७ अंश ३० कलाका होता है ।

४ एकराशिके ५ पांचमें भागको कहते हैं— एक पंचमांश ६ छः अंशका होता है ।

चतुर्थांशविभाग० ।				
१	२	३	४	
७ ३०	१५ ०	२२ ३०	३० ०	अंश. कला.

गुरु, चौथेमें बुध, पांचवेंमें शुक्र, समराशिमें विपरीत (१ शुक्र, २ बुध, ३ गुरु, ४ शनि, ५ मंगल) पंचमांशके स्वामी होते हैं ॥ ३८ ॥

विषमर्क्षे मेषाद्याः समभे तुलाद्याः षष्ठांशाः ॥ ३९ ॥

विषमराशिमें मेषराशिको आदि ले, समराशिमें तुलाराशिको आदि ले गिननेसे षष्ठांशके स्वामी होते हैं ॥ ३९ ॥

ओजभे स्वभाद्या युग्मर्क्षे तत्सप्तमर्क्षाद्याः सप्तमांशाः ॥ ४० ॥

विषमराशिमें अपनी राशिको आदि ले, समराशिमें अपनी राशिसे जो सातवीं राशि हो उसको आदि ले, सप्तमांश विभागकी संख्यापर्यंत गिननेसे जो राशि आवे उसके स्वामी सप्तमांशका स्वामी होता है (ग्रह जितनी संख्याके सप्तमांशविभागमें हो उतनी संख्यापर्यंत विषमराशिमें अपनी राशिसे, सममें सातवीं राशिसे गिननेसे सप्तमांश होता है) ॥ ४० ॥

चरभेऽजाद्याः स्थिरभे चापाद्या उभयभे सिंहाद्या अष्टमांशाः॥ ४१ ॥

चर (१ । ४ । ७ । १०) राशिमें मेषराशिको आदि ले, स्थिर (२ । ५ । ८ । ११) राशिमें धनराशिको आदि ले, द्विस्वभाव (३।६।९।१२) राशिमें सिंहराशिको आदि ले जितनी संख्याके अष्टमांशविभागमें ग्रह हो उतनी संख्यापर्यंत गिननेसे जो राशि आती है उसका स्वामी अष्टमांशका स्वामी होता है ॥ ४१ ॥

---

१ एक राशिके ६ छठे भागको कहते हैं-एक षष्ठांश ५ पांच अंशका होता है।

२ एक राशिके ७ हिस्सेको कहते हैं-एक सप्तमांश विभाग ४ अंश १७ कलाका होता है।

३ एक राशिके ८ भागको कहते हैं-एक अष्टमांश विभाग ३ अंश ४५ कलाका होता है।

अष्टमांशविभाग.

१	२	३	४	५	६	७	८	
३	७	११	१५	१८	२२	२६	३०	अंश
४५	३०	१५	०	४५	३०	१५	०	कला

सप्तमांशविभाग.

१	२	३	४	५	६	७
४	८	१२	१७	२१	२५	३०
१७	३४	५१	८	२५	४२	०
८	१७	२५	३४	४२	५२	०

नवांशाः प्राग्वत् ॥ ४२ ॥

नवांशके स्वामी प्रथम कह चुके हैं उनके समान करना ॥ ४२ ॥

यस्य ग्रहस्य दशांशैकादशांशौ कर्तव्यौ तदीयभादौ दशैका-
दशगुणिते तद्दशांशादिभादिस्फुटः ॥ ४३ ॥

जिस ग्रहके दशांश तथा एकादशांश करना हो उस (ग्रह) की राशि अंश कला विकलाको दशांशमें १० दशगुणा, एकादशांशमें ११ ग्यारह गुणा करना, क्रमसे कलामें ६० साठका भाग देना, लब्ध ऊपरके अंशमें युक्त करना, अंशमें ३० तीसका भाग देना और लब्ध राशिमें मिलाना फिर राशिमें १२ बारहका भाग देना जो शेष बचे वह दशांश एकादशांशके राश्यादि स्पष्ट होता है, इस स्पष्टकी राशिके स्वामी दशांश एकादशांशके स्वामी होते हैं ॥ ४३ ॥

स्वभादर्कांशाः ॥ ४४ ॥

अपनी राशिसे जितनी संख्याके द्वादशांशमें ग्रह हो उतनी संख्यापर्यंत गिननेसे जो राशि आवे उसका स्वामी द्वादशांशका स्वामी होता है ॥ ४४ ॥

स्वमित्रोच्चशुभवर्गाः शुभा अन्येऽधमाः ॥ ४५ ॥

स्व, मित्र, उच्च और शुभग्रहके वर्ग शुभ अन्य (शत्रु सम) नीच और पाप आदिकके वर्ग अधम (नेष्ट) होते हैं–अर्थात् जिस ग्रहके द्वादशवर्गमें शुभ ग्रहोंका स्वराशिस्थ, मित्रराशिस्थ, उच्चराशिस्थ ग्रहोंका वर्ग अधिक हो वह ग्रह शुभफल देगा और जिसके द्वादशवर्गमें पापग्रहोंका शत्रुराशिस्थ ग्रहोंका नीच-गतग्रहोंका वर्ग अधिक हो वह ग्रह श्रेष्ठ हो तो भी नेष्ट फल देगा ॥ ४५ ॥

एक राशिके १२ भागको कहते हैं–एक द्वादशांश २ अंश ३० कला (ढाई अंशका होता है)।

द्वादशांशविभाग.

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	विभागसंख्या.
२ ३०	५ ०	७ ३०	१० ०	१२ ३०	१५ ०	१७ ३०	२० ०	२२ ३०	२५ ०	२७ ३०	३० ०	अंश. कला.

वर्गेशे स्वर्क्षगे विंशतिर्मित्रर्क्षे तिथयः
समर्क्षे दश रिपुभे पंच बलम् ॥ ४६ ॥

द्वादशवर्गके वर्गका स्वामी स्वराशिका हो तो बीस २० अंश, मित्रराशिका हो तो १५ पन्द्रह अंश, समराशिका हो तो १० अंश, शत्रुराशिका हो तो ५ पांच अंश बल जानना ॥ ४६ ॥

स्व	मि.	स	श.
२०	१५	१०	५
०	०	०	०

द्वादशवर्गजबलैक्येऽर्कभक्ते विंशोपकाः ॥ ४७ ॥

द्वादशवर्गके बलके योगमें बारह १२ का भाग देना जो लब्ध आवे वह विंशोपकात्मक बल होता है ॥ ४७ ॥

उदाहरण ।

सूर्य १० । १६ । ५३ । ३५ । की राशि कुंभका स्वामी शनि सूर्यके गृहका स्वामी हुआ । होरा सूर्य विषमराशिकी दूसरी होरामें है, इसका स्वामी चन्द्र होराका स्वामी हुआ । द्रेष्काण–सूर्य मध्यद्रेष्काणमें है. इस कारण अपनी राशि ११ कुंभसे पांचवीं राशि मिथुनका स्वामी बुध द्रेष्काणका स्वामी आया । एवं सूर्य तृतीय चतुर्थांश विभागमें है, इस लिये अपनी राशि ११ से सातवीं राशि ५ सिंहका स्वामी सूर्य, सूर्यके चतुर्थांशका स्वामी हुआ । पंचमांश–विषम राशिस्थित सूर्य तीसरे पंचमांशविभागमें है, अतएव विषमराशिमें तीसरे पचमांशका स्वामी गुरु सूर्यके पंचमांशका स्वामी हुआ । एवं सूर्य ४ चौथे षष्ठांशमें है और विषमराशिका है, इसलिये मेषराशिसे षष्ठांशविभागकी संख्या ४ चार पर्यंत गिना तो कर्कराशि हुई, इसका स्वामी चन्द्र सूर्यके षष्ठांशका स्वामी हुआ, एवं सप्तमांशविभागमें सूर्य ४ चतुर्थ संख्याके विभागमें स्थित है, यह विषम राशिगत है. इसवास्ते अपनी राशि ११ कुम्भसे ४ पर्यंत गिननेसे ४ चौथी वृषभ राशि हुई इसका स्वामी शुक्र सूर्यके सप्तमांशका स्वामी हुआ, ऐसे ही अष्टमांश विभागमें सूर्य ५ पांचवे अष्टमांशमें स्थित है और स्थिर राशि ११ का है, अतः धनराशिको आदि ले ५ पांच संख्यापर्यन्त गिननेसे मेष राशि हुई इसका स्वामी भौम सूर्यके अष्टमांशका स्वामी हुआ । नवांशके स्वामी लानेकी युक्ति प्रथम कही है, उसी रीतिके समान नवांश विभागमें ६ छठे नवांशमें सूर्य

स्थित है, इस कारण तुलाराशि (३ । ७ ११ के नवांश ७ तुलासे गिनना) से ६ संख्यापर्यन्त गिननेसे १२ मीनराशि हुई, इसका स्वामी गुरु सूर्यके नवांशका स्वामी हुआ, सूर्य १० । १६ । ५३ । ३९ को दशांश करना है, इस कारण १० दशगुणा किया १०० । १६० । ५३० । ३९० हुआ—विकला कला साठसे अधिक हैं इससे विकला (३९०) में साठका भाग दिया लब्ध ६ कलामें मिलाके (५३६) साठका भाग दे लब्ध आठ अंशमें युक्त किये अंश तीससे अधिक हैं इसलिये अंश (१६८) में ६० तीसका भाग दिया लब्ध ५ पांच राशिके अंक १०० में युक्त किया १०५ हुए, राशि (१०५) में १२ बारहका भाग दिया, शेष ९ । १८ । ५६ । ३० राश्यादिक बचा, यह सूर्यका दशांश हुआ । इसकी राशि १० का स्वामी शनि सूर्यके दशांशका स्वामी हुआ । एवं एकादशांशमें सूर्य १० । १६ । ५३ । ३९ को ११ ग्यारहसे गुणा किया ११० । १७६ । ५८३ । ४२९ हुआ । विकलाकलामें साठके अंशमें तीसकी राशिमें १२ बारहका क्रमसे भाग देनेसे शेष बचे ८ । ५ । ५० । ९ यह सूर्यका एकादशांश स्पष्ट हुआ । इसकी राशि ९ धनका स्वामी गुरु सूर्यके एकादशांशका स्वामी हुआ—एवं अपनी राशि ११ कुम्भसे सूर्य ७ सातवें द्वादशांशमें है, इसलिये ७ संख्यापर्यन्त गिननेसे ५ सिंह राशि हुई, इसका स्वामी सूर्य सूर्यके द्वादशांशका स्वामी हुआ । इस प्रकार सूर्यके द्वादशवर्ग हुए ऐसे ही शेष ग्रहोंके तथा भावोंके और सहमादिकोंके द्वादशवर्ग जानना । सूर्यके द्वादश वर्गमें स्वराशिके वर्ग २ मित्रके २ शुभग्रहके ७ वर्ग हैं इनका योग किया ११ ग्यारह हुए, इस कारण सूर्य शुभफल देगा । ऐसे ही सर्वग्रहोंका शुभाशुभफल समझना चाहिये ।

द्वादशवर्गबलउदाहरण ।

सूर्यके—गृह (राशि) का स्वामी शनि सूर्यका मित्र है, इस कारण १५ । ० पन्द्रहका बल गृहमें प्राप्त हुआ । एवं होरामें सूर्यकीहोराका स्वामी चन्द्र सूर्यका शत्रु है, अतः ५।० बल प्राप्त हुआ एवं द्रेष्काणमें द्रेष्काणपति बुधका समराशिका बल १० । ० चतुर्थांशमें चतुर्थांशपति सूर्यका स्वका २०।० बल पंचमांशमें पंचमांशके स्वामी गुरुका शत्रुका ५।० बल षष्ठांशमें, षष्ठांशके स्वामी चन्द्रका शत्रु राशिका बल ५।० सप्तमांशमें, सप्तमांशके स्वामी शुक्रका समराशिका १०।०

बल अष्टमांशमें अष्टमांशपति भौमका शत्रुराशिका ५। ० बल नवांशका स्वामी गुरुका शत्रुका ५ । ० बल, दशांशके स्वामी शनिका 'मित्र बल १५ । ० एकादशांशमें एकादशांशके स्वामी गुरुका शत्रुका बल ५। ० द्वादशांशमें द्वादशांशका स्वामी सूर्य 'स्वराशिका है, इसलिये स्वका २० । ० बल प्राप्त हुआ, यह सूर्यके द्वादशवर्गका बल हुआ, इसका योग किया १२० । ० आया इसमें १२ बारहका भाग दिया, लब्ध १० । ० सूर्यका विशोपकात्मक द्वादश वर्ग बल हुआ । ऐसे ही शेष ग्रहोंका जानना ॥

ग्रहाणांद्वादशवर्गचक्रम्.

र.	च	म.	बु.	गु.	शु.	श.	
१० श मि	११ श मि	११ श मि	१२गु मि	८ म श	१२ गु मि	९ गु स	गृ.
४ चं श	५ र श	५ र श	४ चं स	५ र श	५ र श	५र स	हो.
१ बु स	११ श मि	११ श मि	१२गु मि	१२गु स्व	८ म श	९ गु स	द्रे.
१ र स्व	११ श मि	२ शु स	१२गु मि	२ शु मि	९ गु मि	१२गु स	च.
९ गु श	१ म श	११ श मि	२ शु श	१०श स	८ म स	११श स्व	प.
४ च श	१ मं श	२ शु स	७ श श	१० श स	१२गु मि	२शु श	ष.
२ शु स	११श मि	१२ गु श	६ बु स्व	६ बु मि	११ श श	११श २०	स.
१ म श	९ गु श	११ श मि	५ र स	२ श मि	११ श श	७शु श	अ.
१२गु श	७ शु स	९ गु श	४ चं स	९ गु स्व	११ श श	३बु श	न.
१०श मि	५ [illegible] श	७ शु स	३ बु स्व	५ र श	११ श श	१२गु स	द.
८ गु श	३ बु स	५ र श	२ शु श	१२ गु स्व	११ श श	८म मि	ए.
५ र स्व	११श मि	२ शु स	१२ गु मि	३ बु मि	१० श श	१२गु स	द्वा.
११	८	१०	११	७	३	११	शुभ
१	४	२	१	५	९	१	पाप.
श्रे.	श्रे.	श्रे.	श्रे.	श्रे.	ने.	श्रे	फल

द्वादशवर्गबलचक्रम्.

र.	च.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
१५ ०	१५ ०	१५ ०	१५ ०	५ ०	१५ ०	१० ०	गृह.
५ ०	५ ०	५ ०	१० ०	५ ०	१० ०	१५ ०	होरा.
१० ०	१५ ०	१५ ०	१५ ०	२० ०	१० ०	१० ०	द्रेष्काण.
२० ०	१५ ०	१० ०	१५ ०	१५ ०	१'१ ०	१० ०	चतुर्थांश.
५ ०	५ ०	१५ ०	५ ०	१० ०	१० ०	२० ०	पञ्चमांश.
५ ०	५ ०	१० ०	५ ०	१० ०	१५ ०	५ ०	षष्ठांश.
१० ०	१५ ०	५ ०	२० ०	१५ ०	५ ०	१० ०	सप्तमांश.
५ ०	५ ०	१५ ०	१० ०	१५ ०	५ ०	५ ०	अष्टमांश.
५ ०	१० ०	५ ०	१० ०	२० ०	५ ०	५ ०	नवमांश.
१५ ०	५ ०	१० ०	२० ०	५ ०	५ ०	१० ०	दशांश.
५ ०	१० ०	५ ०	५ ०	२० ०	५ ०	१५ ०	एकादशांश.
२० ०	१५ ०	१० ०	१५ ०	१५ ०	५ ०	१० ०	द्वादशांश.
१२० ०	१२० ०	१२० ०	१४५ ०	१५५ ०	१०५ ०	१३५ ०	योग.
१० ०	१० ०	१० ०	१२ ५	१२ ५५	८ ४५	११ १५	विशोपकात्मक बल.
म.	म.	म.	पू.	पू.	म.	म.	फल.

स्वभे शतं कलानां मित्रभे पंचाशत् शत्रुभे पञ्चविंशतिः ॥ ४८ ॥

स्वराशिमें १०० सौ कला, मित्रराशिमें ५० कला, शत्रुराशिमें २५ पचीस कला, स्थिर-मैत्रीके मित्र शत्रुवशसे द्वादशवर्ग बल जानना ॥ ४८ ॥

स्व.	मि.	श.	
१००	५०	२५	
०	०	०	कला.

तदैक्ये षष्टिभक्ते विंशोपका इत्येके ॥ ४९ ॥

स्थिरमैत्रीके मित्रशत्रुवशसे लाये हुए द्वादशवर्गके बलके ऐक्य (योग) में ६० साठका भाग देना, जो लब्ध आता है वह विंशोपकात्मक बल होता है, ऐसा अनेक आचार्योंका मत है ॥ ४९ ॥

उदाहरण ।

द्वादशवर्गमें सूर्यकी राशिका स्वामी शनि स्थिर मैत्रीकेमें सूर्यका शत्रु है, इसलिये सूर्यके गृहके नीचे २५।० कला बल लिखा, एवं होराका स्वामी चन्द्र मित्र है सूर्यके इस कारण ५० कला बल होरामें लिखा, द्रेष्काणका स्वामी बुध शत्रु है इससे शत्रुका २५कला बल द्रेष्काणमें, चतुर्थांशमें सूर्य स्वराशिका है, अतः स्वका १०० कला बल, एवं पंचमांशमें पंचमांशका स्वामी गुरु मित्र है, अतएव मित्रका ५० कला बल और षष्ठांशका स्वामी चन्द्र भी मित्र है,इसलिये षष्ठांशमें भी५० कला बल लिखा और सप्तमांशका स्वामी शत्रु है अतः सप्तमांशमें शत्रुका भी२५ कला बल, अष्टमांशका स्वामी भौम मित्र है इसलिये अष्टमांशमें मित्रका ५० कला बल । नवांशका स्वामी गुरु मित्र है इससे नवांशमें मित्रका बल५०कला और दशांशका स्वामी शनि सूर्यके शत्रु है इसवास्ते दशांशमें शत्रुका २५ कला बल लिखा और एकादशांशका स्वामी गुरु मित्र तथा द्वादशांशका स्वामी सूर्य स्वका है, इसलिये एकादशांशमें मित्रका ५० कला बल और द्वादशांशमें स्वका १०० कला बल लिखा । यह द्वादशवर्ग बल हुआ,इसका योग किया ६०० आये ६० साठका भाग दिया लब्ध १०।० विंशोपकात्मक सूर्यका द्वादशवर्ग बल हुआ । ऐसे ही शेष चन्द्रादिग्रहोंका द्वादशवर्गबल जानना ॥

स्थिरमैत्रीवशात् द्वादशवर्गबलचक्रम्.

र	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.		
२५ ०	२५ ०	२५ ०	२५ ०	५० ०	२५ ०	२५ ०	१	गृह.
५० ०	५० ०	५० ०	२५ ०	५० ०	२५ ०	२५ ०	२	होरा
२५ ०	२५ ०	२५ ०	२५ ०	१०० ०	२५ ०	२५ ०	३	द्रेष्काण.
१०० ०	२५ ०	२५ ०	२५ ०	२५ ०	२५ ०	२५ ०	४	चतुर्थांश.
५० ०	५० ०	२५ ०	५० ०	२५ ०	२५ ०	१०० ०	५	पंचमांश.
५० ०	५० ०	२५ ०	५० ०	२५ ०	२५ ०	५० ०	६	षष्ठांश.
